नैक द्वारा 'बी' ग्रेड प्रत्यायित

# महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय

## जंगल धूसड़- गोरखपुर

स्थापित २००५ ई.

फोन नं0 : 0551–6827552, 2105416

मो. : 9794299451

Website: www.mpm.edu.in

E-mail : mpmpg5@gmail.com

पत्रांक : ...................

दिनांक : 26.05.2016

### प्रकाशनार्थ

### योगीराज बाबा गम्भीरनाथ स्मृति साप्ताहिक व्याख्यानमाला का छठवा दिन

जनतंत्र, जनता की शक्ति का प्रतिबिंब होता है। जनता मानसिक रूप से सशक्त है तो जनतंत्र मजबूत होगा। जनतंत्र तब तक बना रहेगा जबतक बिना किसी भेद–भाव के प्रत्येक व्यक्ति के स्वतंत्रता की रक्षा होती रहे। इसके अभाव में धीरे–धीरे जनतंत्र अराजकता एवं अव्यवस्था का शिकार हो जाएगा। आज के इस भौतिकवादी दौर में जब अधिकांश समाज भौतिक स्वार्थो की पूर्ति में लगा हुआ है, शिक्षा ही वह एकमात्र साधन है, जो व्यक्ति को इस स्वार्थपरक मार्ग से हटाकर राष्ट्रनिर्माण की राह पर अग्रसर कर सकती है। साथ ही साथ भविष्य में राष्ट्र निर्माण में भी अपना योगदान दे सकती है।

उक्त बातें महाराणा प्रताप पी0जी0 कालेज जंगल धूसण गोरखपुर में 'योगिराज बाबा गम्भीर नाथ पुण्यतिथि शताब्दी वर्ष' के अन्तर्गत बी0एड0 विभाग द्वारा आयोजित **'योगिराज बाबा गम्भीरनाथ स्मृति सप्तदिवसीय कार्यशाला के छठवें दिन'** प्रतिभागियों को सम्बोधित करते हुए दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के शिक्षाशास्त्र विभाग की पूर्व विभागाध्यक्षा/संकायाध्यक्ष प्रो0 प्रतिभा खन्ना ने कही। प्रो0 प्रतिभा खन्ना आज **''औद्योगीकरण एवं जनतंत्र पर शिक्षा का प्रभाव''** विषय पर अपना शोधपरक व्याख्यान प्रस्तुत कर रहीं थी।

प्रो0 प्रतिभा खन्ना जी ने आगे कहा कि औद्योगीकरण ने उत्पादकता को तो बढ़ाया है परन्तु इसने सृजनात्मकता को अवरूद्ध किया है। औद्योगीकरण ने शहरीकरण की प्रक्रिया को तीव्र किया है, सामाजिक गतिशीलता को बढ़ाया है। संसाधनों का सही एवं अनुकूल प्रयोग करके हम **'मेक इन इंडिया' और 'स्किल इंडिया** ' जैसे कार्यक्रमों को सफलता के शिखर पर पहुॅचाकर भारत को विश्वगुरू का रूतबा पुनः प्रदान करा सकते है।

कार्यशाला के प्रथम सत्र में योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास बी0एड0 विभाग के प्रवक्ता श्री भूपेन्द्र गुप्त द्वारा कराया गया। कार्यशाला में बी0 एड0 विभाग के सभी शिक्षक एवं विद्यार्थी सम्मिलित हुए। प्राचीन इतिहास विभाग के प्रवक्ता सुबोध मिश्र द्वारा अतिथि का स्वागत एवं आभार किया गया।

(प्रकाश प्रियदर्शी)

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी